संख्या-292/2018/4672/71-1-2018-जी-133/2018

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 30 नवम्बर, 2018

विषयः- वित्तीय वर्ष 2018-19 में राजकीय मेडिकल कालेजों के विभिन्न विभागों हेतु उपकरणों के क्रय किए जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/482, दिनॉक 10-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/508, दिनॉक 12-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/536, दिनॉक 22-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/583, दिनॉक 26-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/611, दिनॉक 31-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/616, दिनॉक 31-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/609, दिनॉक 31-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/613, दिनॉक 31-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/607, दिनॉक 31-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/618, दिनॉक 31-10-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/627, दिनॉक 01-11-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/629, दिनॉक 01-11-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/639, दिनॉक 05-11-2018, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2018/646, दिनॉक 05-11-2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कालेजों के विभिन्न विभागों हेतु उपकरण क्रय किए जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत निम्नांकित विवरणानुसार मेडिकल कालेजों हेतु "मशीने और सज्जा/उपकरण और संयंत्र" मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष धनराशि रू0 9,88,55,964.00 (रू0 नौ करोड़ अट्ठासी लाख पचपन हजार नौ सौ चौसठ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है-

क्र0	मेडिकल कालेज का नाम	धनराशि
1	मेडिकल कालेज, बॉदा	11150000.00
2	एम0डी0 नेत्र चिकित्सालय, इलाहाबाद	2500000.00
3	मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर	5350000.00
4	मेडिकल कालेज, इलाहाबाद	21622247.00
5	मेडिकल कालेज, जालौन	500000.00
6	मेडिकल कालेज, गोरखपुर	11649400.00
7	500 शैय्या बाल रोग चिकित्सा संस्थान, गोरखपुर	12000000.00
8	मेडिकल कालेज, बदायूँ	1880000.00
9	मेडिकल कालेज, आजमगढ़	4373427.00
10	मेडिकल कालेज, सहारनपुर	5422290.00
11	मेडिकल कालेज, मेरठ	18373600.00
12	मेडिकल कालेज, झॉसी	235000.00
13	मेडिकल कालेज, कन्नौज	3700000.00
14	मेडिकल कालेज, आगरा में नशा विमुक्ति केन्द्र	100000.00
		98855964.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2- प्रश्नगत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति इस शर्त के साथ निर्गत की जा रही है कि उक्त अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष क्रय किए जाने वाले उपकरणों के स्पेसिफिकेशन प्राप्त होने के उपरान्त ही उपकरणों के क्रय की कार्यवाही की जाय।

3- मेडिकल कालेज, गोरखपुर हेतु 04 नग नियोनेटल वेन्टीलेटरों, जिनका मूल्य 0 1,43,44,462.70 है, के क्रय की अनुमति इस शर्त सहित प्रदान की जाती है कि उक्त उपकरणों के क्रय हेतु कम पड़ रही धनराशि रू0 26,95,062.00 की व्यवस्था हेतु महानिदेशक पुनर्विनियोग का प्रस्ताव उपलब्ध करायेंगे।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि से उपकरणों का क्रय नियमानुसार क्रय प्रक्रिया पूर्ण करके किया जाएगा।

4- स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

5- स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग सुसंगत वित्तीय नियमों, स्टोर परचेज रूल्स एवं समय -समय पर जारी किये गये शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

6- स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण कोषागार से वास्तविक आवश्यकतानुसार तभी किया जायेगा, जबकि उपकरणों के क्रय की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हो जाए। स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0 अथवा बैंक खाते में नहीं रखी जायेगी।

7- डुप्लीकेसी से बचने हेतु उपकरण क्रय करने से पूर्व सत्यापित करा लिया जाए कि विगत 05 वर्षो में इस प्रकार के उपकरण की क्रयदारी नहीं की गई तथा उपकरण रखने हेतु स्थान संरक्षित एवं संसाधनयुक्त है।

8- प्रश्नगत उपकरण का क्रय एम0सी0आई0 के मानकों के अनुरूप किया जाएगा तथा प्रश्नगत उपकरणों की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मदारी महानिदेशक/प्रधानाचार्य की होगी।

9- यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रश्नगत उपकरण की स्थापना हेतु स्थान, भवन आदि उपलब्ध है तथा संचालन हेतु मानव संसाधन उपलब्ध है।

10- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन सुसंगत लेखाशीर्षक के नामे डाला जायेगा।

10- यह आदेश वित्त विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनॉक 30 मार्च, 2018 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

संलग्नक-उपकरणों की सूची।

भवदीय

(मुकेश कुमार मेश्राम)

संख्या:-292/2018/4672(1)/71-1-2018 तद्यदिनांक

सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, इलाहाबाद, आगरा, झॉसी, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, जालौन, सहारनपुर, बॉदा, कन्नौज, गोरखपुर तथा झॉसी।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, कानपुर, इलाहाबाद, आगरा, झॉसी, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, जालौन, सहारनपुर, बॉदा कन्नौज, गोरखपुर तथा झॉसी।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर, इलाहाबाद, आगरा, झॉसी, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, जालौन, सहारनपुर, बॉदा कन्नौज, गोरखपुर तथा झॉसी।
6- नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- संबंधित समीक्षाधिकारी/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in